भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3059
09 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

त्रिवेन्द्रम में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई)

3059. एडवोकेट डीन कुरियाकोस:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तिरूवनंतपुरम में श्री चित्रा थिरूनल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत 170 बिस्तरों वाले स्वास्थ्य सुरक्षा अस्पताल ब्लॉक के पूरा होने की स्थिति क्या है
(ख) क्या नए ब्लॉक के लिए आवश्यक चिकित्सा और पैरामेडिकल कर्मचारियों की अपेक्षित संख्या में नियुक्ति कर दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) नए ब्लॉक के कब तक कार्यशील होने की संभावना है?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत, केरल के तिरुवनंतपुरम में श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी (एससीटीआईएमएसटी) में एक नए सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक (एसएसबी) की स्थापना हेतु स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के बीच लागत साझाकरण आधार पर 230 करोड़ रुपये का अनुमोदन प्रदान किया गया है। सीपीडब्ल्यूडी द्वारा भवन निर्माण का कार्य पूरा किया जा चुका है। चिकित्सा उपकरणों की खरीद का कार्य संस्थान को सौंपा गया है। नए ब्लॉक के लिए आवश्यक चिकित्सा और पैरामेडिकल के विभिन्न पदों के सृजन के प्रस्ताव को संस्थान के शासी निकाय द्वारा अनुशंसित किया गया है।

*****